# केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

## विभागीय परीक्षा (बिना किताब)

## सहायक कार्यपालक अभियंता /सहायक अभियंता /सहायक निदेशक (उद्यान)

**अक्टूबर - 2020**

समय : 3 घंटे — अधिकतम अंक 100

सभी 5 प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें । प्रश्नों के आंतरिक रूप से विकल्प दिए गए हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक कोष्ठक [ ] के साथ दर्शाये गए हैं । एक प्रश्न के सभी भागों को एक स्थान पर लेने का प्रयास किया जाए, दूसरे प्रश्न का प्रयास करने से पहले, पहले अकेले प्रयास किए गए प्रश्न के भाग का मूल्यांकन किया जाएगा । कोई भी प्रश्न स्वयं किसी भी क्रम मे हल किए जा सकते हैं । जहां कहीं भी कोई शब्द संक्षिप्त रूप मे दिया गया है, उनके सामान्य अर्थ माने जाएंगे ।

प्रश्न 1- वस्तुनिष्ठ (Objective ) प्रकार के प्रश्न - परीक्षार्थी को प्रश्न संख्या और भाग संख्या उत्तर पुस्तिका मे लिखकर उसके सामने प्रश्न का मात्र उत्तर ही लिखना है :

क) किस निम्नतम स्तर का सी पी डब्लू डी इंजीनियर डी डी ओ हो सकता है?

ख) क्या कोई सी पी डब्लू डी इंजिनीयर सी पी डब्लू डी के किसी कार्यालय मे एक साथ "विभागाध्यक्ष" और "डी डी ओ" दोनों रूप में कार्य कर सकता है ?

ग) जी एस टी की कटौती को ________ लेखा हेड में सी पी डब्लू डी डिवीजन के खातों में वर्गीकृत किया जाएगा ।

घ) दिल्ली के भवन लागत सूचकांक 01.04.19 को ________है आधार 100 दिनांक 01.04.2012 के हिसाब से ।

ङ) 7 वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन वृद्धि दो तिथियों को की जानी है, ये तिथियाँ ________ और ____________हैं ।

च) 7 वें वेतन आयोग के अनुसार यदि संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष प्राप्त करने पर रु __________का एकमुश्त प्रोत्साहन दिया गया है ।

छ) ठेकेदार अनुबंध के अपने उचित प्रदर्शन के लिए निविदा राशि _______की अपरिवर्तनीय परफ़ॉर्मनस गारंटी प्रस्तुत करेगा ।

ज) परफ़ॉर्मनस गारंटी शुरू में किए गए निर्धारित समय से _______दिन आगे तक मान्य होगी ।

झ) अनुबंध की क्लॉज़ 2 के अनुसार विलंब के कारण काम/मद /मदों के समूह की लागत के _______% प्रति माह मुआवजा देय होगा जिसकी अधिकतम सीमा _______%तक सीमित होगी ।

ञ) सी पी डब्लू डी में सामग्री आपूर्ति के लिए फार्म संख्या _______प्रयुक्त किया जाता है ।

ट) सी पी डब्लू डी कान्ट्रैक्ट फार्म _______ का उपयोग lump sum कान्ट्रैक्ट जिसमें ठेकेदार को पूर्व में दिए गए डिजाइन, विनिर्देशों और कार्यात्मक

आवश्यकताओं के अनुसार काम पूरा करने के लिए एकमुश्त राशि का प्रावधान किया जाता है ।

ठ) इमारतों को डेमलिशन के लिए सी पी डब्लू डी फार्म संख्या _______ का उपयोग किया जाता है ।

ड) ठेकेदार को समय पर काम पूरा करने के लिए क्लॉज़ ________ के अंतर्गत प्रोत्साहन दिया जा सकता है ।

ढ) CSSA क्या होता है और इसमे कैसे हिसाब रक्खा जाता है ।

ण) यदि CPWD कलाईंट विभाग से लेटर आफ authorization प्राप्त करता है तो उसका खर्च किस हेड में बुक किया जाएगा ?

त) Central Works Board के अध्यक्ष __________होते हैं ।

थ) क्या भारत के राष्ट्रपति के सचिवालय के विशिष्ट संदर्भ पर emergent कार्य मानकर कार्य तुरंत करवाए जा सकते हैं ?

द) क्या कोई कार्य यदि तुरंत तत्काल करवाना हो तो वर्क ऑर्डर ही देना आवश्यक होता है ?

ध) क्या emergent और urgent काम एक ही प्रकार के कार्य होते हैं ।

न) भारत सरकार का तकनीकी सलाहकार कौन होता है ।

प्रश्न 2 कृपया delegation ऑफ फाइनैन्शल powers के अनुसार CPWD के Officers निम्न लिखित का उत्तर दें (पाँच कोई भी प्रशनों के उत्तर दें ) :

क) विशुद्ध रूप से अस्थायी संरचना को नष्ट किया जाता है तो उसको आरक्षित मूल्य से कम पर बेचने के लिए किस स्तर के अधिकारी के पास पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं ।

ख) शहरी विकास मंत्रालय के आवासीय अथवा गैर आवासीय भवनों के निर्माण के समय उन्नयन आदि से संबंधित छोटे कार्यों को करने के प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय की स्वीकृति के लिए मुख्य अभियंता/ CPM /PM को कितनी शक्ति प्राप्त हैं ?

ग) SE को विस्तृत अनुमान और NIT अथवा मसग्र NIT तथा तकनीकी स्वीकृति जारी करने की कितनी शक्ति प्रदान की गई है ?

घ) रखरखाव और निर्माण की खुली निविदा की केवक एक निविदा प्राप्त होने की दशा मे उस निविदा को स्वीकार करने की कितनी शक्ति प्रदान की गई है ?

ङ) CPWD में किसके पास किसी बड़े कार्य के विभाजन के लिए पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं ?

च) CPWD में किसके पास Arbitration Award को मंजूरी देने की पूर्ण शक्ति प्राप्त है ?

छ) कार्य करने पूर्व मे की जाने वाली गतिविधियों के लिए SE को कितनी शक्ति प्रदान की गई है ?

ज) CPWD में किसके पास समय के विस्तार और मुआवजा वसूल करने की पूर्ण शक्ति प्राप्त हैं ?

[20 x 1= 20]

Q 3 निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट्स लिखें (कोई भी पाँच हल करें )

क) e - measurements की आवश्यकता ।

ख) CPWD में ठेकेदार द्वारा दैनिक कार्य के लिए श्रमिक रखना ।

ग) ठेके में Subletting of लेबर पार्ट बिना प्रभारी अभियंता की मंजूरी के ।

घ) यदि ठेकेदार एक कंपनी है तो उसके बंद होने या फिर ठेकेदार के दिवालिया होने पर की जाने वाली कार्यवाही ।

ङ) महंगे लेकिन पेरिशबल (खराब) होने वाले समान पर सुरक्षित अग्रिम दिया जाना क्योंकि इसके बिना ठेकेदार कार्य नहीं कर सकेगा - यह बताएं क्या यह संभव है और यदि आवश्यक हो तो ऐसा अग्रिम देते वक्त बरते जाने वाली सावधानियों के बारे मे बताइए ।

च) यदि निर्धारित समय के 1/8 वें भाग काम शुरू नहीं हो पता है और उस देरी पर ठेकेदार का कोई नियंत्रण नहीं है तो आप को क्या कार्यवाही करनी चाहिए ?

छ) सी पी डब्लू डी वर्क्स मैनुअल के तहत न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के प्रावधान के अनुपालन के लिए ठेकेदार की जिम्मेदारियाँ ।

[5x3=15]

प्रश्न 4 : निम्न लिखित के बीच अंतर बताएं (कोई तीन )

क) सी पी डब्लू डी के फार्म 8 की क्लॉज़ 3 और 14 मे की जाने वाली कार्यवाही ।

ख) पर्मानेंट इंप्रेसट और अस्थायी अग्रिम राशि में अंतर ।

ग) सिक्युर्ड अड्वान्स और मोबलिज़ैशन अड्वान्स में अंतर ।

घ) कान्ट्रैक्ट क्लॉज़ 10 सी और 10 सीसी में अंतर ।

ङ) बागवानी मे प्रशिक्षण के उपलब्ध साधन और बागवानी की कार्य संस्कृति ।

च) Intelligent बिल्डिंग्स और ग्रीन बिल्डिंग्स

छ) आधुनिक भवनों मे भूजल पुन:भरण और पानी की निकासी ।

[3x10]

प्रश्न 5 निम्न लिखित पर संक्षिप्त नोट लिखें

Intelligent बिल्डिंग्स बनाम पर्यावरण के अनुकूल इमारतें

अथवा

CPWD सिर्फ एक भवन निर्माण विभाग नहीं है, बल्कि पूरे भारत और विदेशों में सभी प्रकार के कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण करने वाला का संगठन है

[1x10=10]